उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग,

23, एलनगंज, प्रयागराज – 211002

पत्रांक- शि0से0आयोग/ 3641 /चयन/2026-27 दिनांक- 20/11/2026

प्रेस - विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या- 02/2026 प्राचार्य (अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय व महिला महाविद्यालय) पद के विज्ञापित 111 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा दिनांक- 24.09.2026 को सम्पन्न करायी गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक- 27,28,30,31 अक्टूबर, 2026 एवं 17 नवम्बर, 2026 को सम्पन्न कराया गया। उक्त विज्ञापन में विज्ञापित 111 पदों के सापेक्ष अन्तिम रुप से चयनित 110 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग द्वारा मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित विशेष अपील संख्या- 521/2026 में दिनांक 20.11.2026 को पारित आदेश के अनुपालन में 01 पद रोकते हुए चयन परिणाम घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का विवरण एवं कटऑफ आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित है।

2. साक्षात्कार के समय वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण कतिपय अभ्यर्थियों का चयन परिणाम औपबन्धिक घोषित किया गया है।

3. सूच्य है कि अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर दिनांक- 21.11.2026 से एक सप्ताह तक देख सकते है। इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत कोई सूचना दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

20.11.26
उपसचिव